# श्री आशेष कुमार अग्रवाल,
# उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी ,
# उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्ति अवसर पर आयोजित विदाई समारोह

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, उ प्र राज्य केन्द्र, लखनऊ द्वारा दिनांक 30 जून 2026 को उप महानिदेशक (DDG) एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (SIO), उत्तर प्रदेश, श्री आशेष कुमार अग्रवाल के भारत सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त होने के अवसर पर उनके सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर उनके सरकारी सेवा के प्रति समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यकाल की सफल पूर्णाहुति का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के महानिदेशक, श्री प्रियांक भारती, आई.ए.एस. के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद से हुआ, जिसमें देशभर के विभिन्न एन.आई.सी. राज्य केन्द्रों से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस संवाद में श्री अजय गोपाल भरतरिया, उप महानिदेशक एवं अपर राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (राज्य), उत्तर प्रदेश तथा श्रीमती वन्दना सिंह, वैज्ञानिक-एफ एवं अध्यक्षा, कल्याण समिति भी उपस्थित रहीं। महानिदेशक महोदय ने श्री आशेष कुमार अग्रवाल के संगठन के प्रति अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।









महानिदेशक महोदय से वी. सी. में सेवानिवृत्ति प्राप्त कर रहे सभी राज्यों के अधिकारी / कर्मचारी जुड़े एवं वार्ता की।


उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र में आयोजित समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों, कर्मचारियों तथा श्री अग्रवाल के परिवारजन- उनकी धर्मपत्नी, दोनों पुत्रों एवं पुत्रवधू की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष आत्मीयता प्रदान की।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ श्री अजय गोपाल भरतरिया द्वारा श्री अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।



वरिष्ठ अधिकारीयों श्री अंशु रोहतगी, श्री पीयूष श्रीवास्तव एवं श्री राजेंद्र गुप्ता जी के साथ उ. प्र. परिवार ने SIO महोदय का स्वागत किया।

सभी अधिकारीयों ने इस अवसर पर श्री अग्रवाल के नेतृत्व में कार्य करने के अनुभव को अपने लिए गौरवपूर्ण बताया। सभी ने उनकी कार्यनिष्ठा, उत्कृष्ट व्यावसायिक दक्षता, सत्यनिष्ठा, शांत एवं संतुलित व्यक्तित्व तथा प्रेरणादायी नेतृत्व की मुक्त कंठ प्रशंसा की, जिसने सदैव संगठन में विश्वास एवं सम्मान का वातावरण स्थापित किया।



अपने गौरवपूर्ण सेवाकाल के दौरान श्री अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश में अनेक महत्वपूर्ण ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वाणिज्य कर विभाग, राज्य कोषागार प्रणाली, प्रशिक्षण प्रभाग, ई-टेंडरिंग प्रणाली सहित अनेक जनहितकारी डिजिटल परियोजनाओं के संचालन एवं विस्तार में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी के रूप में उन्होंने सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश केंद्र का दूरदर्शी नेतृत्व करते हुए डिजिटल सुशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उनकी दूरदृष्टि केवल परियोजनाओं तक सीमित नहीं रही। उनके मार्गदर्शन में एन.आई.सी. उत्तर प्रदेश की त्रैमासिक पत्रिका "डिजी गंगा", वार्षिक कैलेंडर तथा अन्य संस्थागत पहलें प्रारम्भ हुईं और निरंतर सफलतापूर्वक संचालित होती रहीं। उन्होंने सदैव अधिकारियों को विभिन्न मंचों पर अपने कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया तथा संगठन में ज्ञान-साझाकरण, टीम भावना, पारदर्शिता, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया।




















सहकर्मियों ने अपने संस्मरण साझा करते हुए श्री अग्रवाल के सहज, सरल एवं प्रेरणादायी नेतृत्व, मार्गदर्शन तथा निरंतर सहयोग की सराहना की। उनका विनम्र एवं मृदुभाषी स्वभाव, अनुशासन, सौम्य व्यवहार, कार्य के प्रति निष्ठा तथा उच्च नैतिक मूल्यों ने उन्हें संगठन के प्रत्येक सदस्य के बीच अत्यंत सम्माननीय एवं प्रिय बनाया।








इस अवसर को और भी भावपूर्ण बनाते हुए श्री अग्रवाल के परिवारजनों ने अपने भाव साझा किए। उन्होंने जीवन के इस नए अध्याय के लिए उनका आत्मीय स्वागत करते हुए एन.आई.सी. परिवार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की तथा श्री अग्रवाल को उनके सेवाकाल में मिले सम्मान, स्नेह एवं सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।




अपने संबोधन में श्री अजय गोपाल भरतरिया ने श्री अग्रवाल के साथ अपने दीर्घ व्यावसायिक संबंधों का उल्लेख करते हुए उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं संरक्षण को अपने जीवन की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने श्री अग्रवाल के नेतृत्व के विभिन्न आयामों एवं व्यावसायिक मूल्यों को रेखांकित किया, जो आने वाले समय में भी उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र के अधिकारियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।



अपने विदाई उद्बोधन में श्री आशेष  कुमार अग्रवाल ने सर्वप्रथम ईश्वर, अपने माता-पिता, परिवारजनों, गुरुओं, सहकर्मियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं संगठन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए अधिकारियों को ईमानदारी, समर्पण एवं निष्ठा के साथ राष्ट्र एवं सरकार की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि एन.आई.सी. द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने संस्था की निरंतर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।



समारोह के दौरान हाल ही में उत्तर प्रदेश राज्य केन्द्र से स्थानांतरित हुए अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही नव नियुक्त अधिकारियों का भी श्री अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें एन.आई.सी. उत्तर प्रदेश परिवार का सदस्य बनने पर शुभकामनाएँ दी गईं।








संगठन की ओर से श्री आशेष  कुमार अग्रवाल को सम्मान एवं कृतज्ञता स्वरूप स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट किए गए।










कार्यक्रम के अंत में श्रीमती वन्दना सिंह, वैज्ञानिक-एफ एवं अध्यक्षा, कल्याण समिति ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी विशिष्ट अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह समारोह सफल एवं अविस्मरणीय बन सका।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का प्रभावी, गरिमामय एवं आत्मीय संचालन श्री शैलेश श्रीवास्तव, वैज्ञानिक-एफ एवं सचिव, हिन्दी समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। श्री अग्रवाल के साथ उनके दीर्घकालिक व्यावसायिक संबंधों ने कार्यक्रम को विशेष आत्मीयता प्रदान की। सह-संचालक श्री विष्णु स्वरूप ने भी अपने सहज, प्रभावशाली एवं उत्कृष्ट मंच संचालन से सभी की सराहना प्राप्त की।




समारोह का समापन भावनात्मक किन्तु उत्सवपूर्ण वातावरण में हुआ। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री आशेष  कुमार अग्रवाल को स्वस्थ, सुखद, समृद्ध एवं आनंदमय सेवानिवृत्त जीवन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी निष्ठा, दूरदर्शी नेतृत्व, सत्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की प्रेरणादायी विरासत आने वाली पीढ़ियों के एन.आई.सी. अधिकारियों का मार्गदर्शन करती रहेगी।


















# Farewell Ceremony in Honour of **Shri Ashesh Kumar Agarwal** DDG & SIO, Uttar Pradesh, on the Occasion of His Superannuation

A farewell ceremony was organized on 30 June 2026 at the National Informatics Centre, U P State Centre, Lucknow, to bid a warm and respectful farewell to Shri Ashesh Kumar Agarwal, Deputy Director General & State Informatics Officer, Uttar Pradesh, on the occasion of his superannuation from the Government of India, marking the culmination of an illustrious and dedicated career in public service.

The programme commenced with a video conference interaction between Shri Priyank Bharti, IAS, Director General, NIC, and all retiring officers and employees from various NIC State Centres across the country. Shri Ajai Gopal Bhartariya, DDG & ASIO (State) and Smt. Vandna Singh, Scientist-F & Chairperson, Welfare Committee, also joined the interaction. The Director General extended his appreciation and best wishes to Shri Ashesh Kumar Agarwal, acknowledging his invaluable contributions to the organization.








The ceremony at the Uttar Pradesh State Centre was attended by senior officers, colleagues, staff members, and the family of Shri Agarwal, including his wife, sons, and daughter-in-law, whose presence added warmth and grace to the occasion. The formal proceedings began with the presentation of a bouquet by Shri Ajai Gopal Bhartariya, DDG & Additional State Informatics Officer (State), UP. In the presence of senior officials Shri. Anshu Rohatgi, Shri. Piyush Srivastava, and Shri. Rajendra Gupta, NIC UP Team extended warm welcome to SIO sir.



Officers addressed the gathering expressing their admiration and gratitude for having had the opportunity to work under Shri Agarwal's leadership. They fondly recalled his unwavering commitment, professional excellence, integrity, and calm demeanour, which inspired confidence and respect across the organization.



During his distinguished career, Shri Agarwal played a pivotal role in the successful implementation of several landmark e-Governance initiatives in Uttar Pradesh, including projects related to the Commercial Tax Department, State Treasury System, Training Division, e-Tendering System, and numerous other citizen-centric digital initiatives. As State Informatics Officer, he provided visionary leadership to the entire Uttar Pradesh State Unit and made significant contributions towards strengthening NIC's role in digital governance.

His vision extended beyond project implementation. Under his guidance, several institutional initiatives such as the publication of NIC UP quarterly newsletter, Digi Ganga, and the annual calendar were introduced and successfully sustained. He consistently encouraged officers to showcase their work on various professional platforms, fostering a culture of knowledge sharing, teamwork, transparency, dedication, and professional excellence.





















Colleagues shared memorable experiences and appreciated Shri Agarwal's approachable leadership, mentorship, and unwavering support. His soft-spoken nature, humility, discipline, courteous conduct, and exemplary work ethics earned him the affection and admiration of everyone associated with him.











The occasion became even more special when Shri Agarwal's family shared their heartfelt thoughts. They warmly welcomed him into a new phase of life and expressed their gratitude to the NIC family for the affection, respect, and recognition bestowed upon him throughout his career.






In his address, Shri Ajai Gopal Bhartariya sir reflected upon his long professional association with Shri Agarwal and acknowledged the invaluable guidance, mentorship, and encouragement he had received over the years. He highlighted several leadership qualities and professional values that would continue to inspire the officers of the State Centre.



Delivering his farewell address, Shri Ashesh Kumar Agarwal expressed his heartfelt gratitude to the Almighty, his parents, family, mentors, colleagues, subordinates, and the organization for their constant support throughout his professional journey. He shared valuable insights from his years of service and encouraged officers to continue serving the Government with sincerity, dedication, and integrity. He also urged everyone to effectively communicate and showcase the impactful work being carried out by NIC. Concluding his address, he conveyed his best wishes for the continued growth and success of the organization.



During the programme, officers who had recently been transferred from the Uttar Pradesh State Centre were felicitated in recognition of their valuable contributions. Newly joined officers were also introduced and warmly welcomed into the NIC Uttar Pradesh family by Shri Agarwal and seniors.








As a token of gratitude and appreciation, a ceremonial memento and gifts were presented to Shri Ashesh Kumar Agarwal on behalf of the organization.










The Vote of Thanks was delivered by Smt. Vandna Singh, Scientist-F & Chairperson, Welfare Committee, who expressed sincere appreciation to all dignitaries, guests, and members of the organizing team for making the event memorable.

The programme was conducted with remarkable warmth and professionalism by Shri Shailesh Srivastava, Scientist-F & Sachiv, Hindi Committee, Uttar Pradesh, whose longstanding association with Shri Agarwal added a personal touch to the proceedings. Shri Vishnu Swaroop, the co-host, was also widely appreciated for his graceful and engaging compering.





The ceremony concluded on an emotional yet celebratory note, with officers and staff extending their heartfelt wishes to Shri Ashesh Kumar Agarwal for a healthy, happy, and fulfilling retired life. His remarkable legacy of integrity, visionary leadership, and unwavering commitment to public service will continue to inspire generations of NIC officers.































